संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

E_Mail:- registrarsua@yahoo.co.in Phone:- 07774-222789, Fax:- 222791

क्रमांक– 428/प्रवेश ऑनलाइन/2020 अम्बिकापुर, दिनांक, 20/08/2020

प्रति,

1. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग
2. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
   संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)

विषय : प्रावीण्य सूची के आधार पर दिनांक 31.08.2020 तक महाविद्यालयों में छात्रों के प्रवेश लेने के सम्बन्ध में।

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा, अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिए स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष की कक्षाओं में ऑनलाइन प्रवेश हेतु पंजीयन प्रक्रिया 01 अगस्त, 2020 से प्रारंभ हो चुकी है। छात्रों को विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए दिनांक 20.08.2020 तक ऑनलाइन पोर्टल (www.sggcg.com) खुला रहेगा। तत्पश्चात् छात्रों की मेरिट सूची दिनांक 21.08.2020 को जारी कर दी जाएगी जो की कॉलेज की लॉगिन आईडी से कॉलेज के द्वारा डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकेगा। छात्र प्रावीण्य सूची के आधार पर शासन के प्रवेश नीति के तहत दिनांक 31.08.2020 तक महाविद्यालयों में प्रवेश ले सकते हैं। कालेज के लॉगिन आईडी पर जारी प्रावीण्य सूची में आए छात्रों को सूचना देने के लिए छात्रों के नाम के आगे चेक बाक्स लगाया गया है जिसे क्लिक करने के उपरांत सेंड एसएमएस का बटन सूची में नीचे दिया गया है इसे लॉगिन किए गए कॉलेज आईडी द्वारा प्रेस करने पर सभी छात्रों के मोबाईल पर प्रवेश से संबंधित सूचना चला जाएगा।

<u>प्रवेश से संबंधित जानकारी</u>

1. सबसे पहले कालेज अपना लॉगिन आईडी और पासवर्ड डालकर लॉगिन करेगा।
2. इसके बाद एडमिशन लिंक पर क्लिक करेगा तथा स्टूडेंट मेरिट लिस्ट पर क्लिक करने पर उसे एक्सेल की सीट पर कोर्सवाइज सभी छात्रों का मेरिट लिस्ट दिखेगा।
3. उपरोक्त मेरिट लिस्ट में सभी विद्यार्थियों का प्रावीण्य सूची दिखेगा जिसमें हर विद्यार्थी के अंत में एक चेक बाक्स होगा जिसमें क्लिक कर एक विद्यार्थी तथा सभी चेक बाक्स में क्लिक कर सभी विद्यार्थियों को सेंड एसएमएस बटन के द्वारा प्रवेश से संबंधित एसएमएस चला जाएगा।
4. इस लिस्ट में एप्लीकेशन आईडी पर क्लिक कर विद्यार्थी के द्वारा भरा गया सम्पूर्ण फार्म खुल जाएगा जिसे कालेज के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों को सत्यापित कर प्रवेश दिया जाएगा।

आदेशानुसार
(हस्ताक्षर)
सहायक कुलसचिव

पृ.क्रमांक– 429/प्रवेश ऑनलाइन/2020 अम्बिकापुर, दिनांक, 20/08/2020

प्रतिलिपि –

1. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)।
2. संपादक/ब्यूरोचीफ .... अम्बिकापुर की ओर इस निवेदन के साथ प्रेषित की उपरोक्त सूचना परीक्षार्थियों के सूचनार्थ छात्रहित में अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में समाचारवृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(हस्ताक्षर)
प्रवेश प्रभारी (ऑनलाइन)

Scanned by CamScanner